# वालीबाल प्रतियोगिता आयोजन 13-14 October 2023

इंटर कॉलेज वालीबाल मे रिम्स व आर एल एम. चिकित्सा महाविद्यालय विजेता बने । पं दीन दयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों की राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 14 अक्टबर तक पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के द्वारा किया गया । पुरुष वर्ग नौ टीम व महिला वर्ग में आठ टीम ने भाग लिया । पुरुष वर्ग मे रिम्स ने आर एल एम. चिकित्सा महाविद्यालय को व पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय ने रूंगटा डेंटल कॉलेज पराजित कर फाइनल मे प्रवेश किया रिम्स ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय को हरा कर विजेता बना महिला वर्ग में आर एल एम. चिकित्सा महाविद्यालय ने भारती आयुर्वेदा कॉलेज को हरा कर एवं पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय ने रिम्स को हराकर फाइनल मे स्थान सुनिश्चित किया आर एल एम. चिकित्सा महाविद्यालय ने संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, विजेता टीम की ओर से सिद्धर्थ, श्रीयस्, सागर व जे. एन. एम. के ललित, विष्णु आलोक का एवं महिला वर्ग में पूजा, राजेश्वरी, प्रिया, वर्षा, मीनाक्षी, प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा । पुरस्कार वितरण डॉ. मानिक चटर्जी, डॉ. संदीप चंद्राकर के कर कमलो से सम्पन्न हुआ । प्रतियोगिता का आयोजन में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, एवं अधिकारी व कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा ।







